प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल हमीरपुर ज़िले में एक सौ 84 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने नादौन क्षेत्र के खरीड़ी में 65 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने बड़ा में एक करोड़ 31 लाख रूपये से बने उत्कृष्टता केन्द्र का शुभारंभ किया और लगभग एक सौ 6 करोड़ रूपये से बनने वाली विभिन्न सड़कों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय नेरी में लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपये से निर्मित बने स्नातकोत्तर खंड का उद्घाटन किया और कॉलेज में 3 करोड़ 62 लाख रूपये से बनने वाले कन्या छात्रावास की आधाशिला रखी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कॉलेज में बॉयज होस्टल के निर्माण के लिए दो करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल में मनाए जाने वाले मेले, उत्सव व त्यौहार हमारी धरोहर हैं और इनका संरक्षण सांस्कृतिक व आर्थिक दृष्टि से आवश्यक है। कल सोलन के कण्डाघाट की ग्राम पंचायत हिन्नर में आयोजित तीन दिवसीय ब्रिजेश्वर देव मेला गौड़ा के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न आयोजन स्थानीय देवताओं से जुड़े हैं। उन्होंने क्षेत्र की हरिजन बस्ती टड़ानजी बिगुल्ला को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 03 लाख रुपए, हिन्नर नावग पैदल पुल निर्माण के प्रथम चरण के लिए 03 लाख रुपए तथा कुरगल हिन्नर एंबुलेंस मार्ग के लिए 02 लाख रुपए देने की घोषणा की।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो कोलकाता में महिला डॉक्टॉर के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी संजय रॉय का मनोवैज्ञानिक परीक्षण करेगा। इस सिलसिले में, दिल्ली स्थित केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के मनोवैज्ञानिक और व्यवहार परीक्षण विशेषज्ञों का एक दल ज़रूरी परीक्षण के लिए कोलकाता पहुंच गया है। सी.बी.आई. संजय रॉय को पहले ही हिरासत में ले चुकी है।

इस बीच, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टजर संदीप घोष से सी.बी.आई. ने कल लगातार दूसरे दिन कई घंटे तक पूछताछ की। सी.बी.आई. ने उन्हें फिर पूछताछ के लिए समन जारी किया है।

प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई–केवाईसी करवाने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। हमीरपुर जिला के खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार राशन कार्डधारकों की ई–केवाईसी करने का अभियान चलाया गया है। ई–केवाईसी प्रक्रिया के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी तक केवल 83 प्रतिशत राशन कार्डधारकों द्वारा ही ई–केवाईसी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि उपभोक्ता 30 सितंबर तक ई–केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवाते है तो उनका राशन कार्ड अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा महंगाई भत्ते की किश्त जारी न करने पर निराशा व्यक्त की है। सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि सचिवालय कर्मचारियों ने इस संबंध में 21 अगस्त को जनरल हाउस बुलाया है जिसमें आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होने कहा कि एक जनवरी 2023 से महंगाई भत्ता लंबित पड़ा हुआ है।

राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक स्थानों पर आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले दिनों हुई वर्षा के बाद से राज्य में भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे और 58 सड़कें अवरूद्व हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सिरमौर जिला में नेशनल हाईवे–707 और किन्नौर जिला के निगुलसरी में नेशनल हाईवे–पांच बाधित है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त तक राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– **कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को 14 गावों की भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना–कांगड़ा तहसील के 10 और शाहपुर के चार गांवों की जाएगी जमीन।** दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए फाईनल नोटिफिकेशन– धारा 19 की अधिसूचना जारी, 14 गांवों की 122 हेक्टेयर जमीन लेगी राज्य सरकार।**

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**हर काम में गुणवत्ता सुनिश्चित करें अधिकारी।** आपका फैसला की सुर्खी है–**नादौन में बनेगा आधुनिक स्पोर्टर्स कॉप्लेक्स–** हमीरपुर जिला को मिली 184 करोड़ की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात।

दैनिक जागरण की एक खबर है– **हिमाचल में 419 स्कूल मर्ज, 99 होंगे बंद।** दैनिक सेवरा टाईम्स के अनुसार–**हिमाचल प्रदेश में शून्य छात्र नामांकन वाले 89 सरकारी प्राथमिक विद्यालय तुरंत प्रभाव से बंद।**

डॉक्टरों की हड़ताल से जुड़ी खबर पर हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– **प्रदेश में भी स्वास्थ्य सेवाएं हुई प्रभावित–अस्पताल पहुंचकर बढ़ा मरीजों का मर्ज।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है– **5 जिलों में फ्लैश फ्लड का अलर्ट–हिमाचल में 23 अगस्त तक सक्रिय रहेगा मॉनसून।** दैनिक भास्कर **का शीर्षक है–ऊना में पुल टूटा, किन्नौर में हाईवे धंसा, मनाली–लेह एन.एच समेत, 132 सड़के बंद।**

....